# परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था
# Atomic Energy Education Society

**टर्म-1/आवधिक परीक्षा-2 2023-24 Term-I/PT-II Examination 2023 - 24**

**कक्षा /Class : VI** **अवधि / Duration :** 3 घंटे

**विषय / Subject :** द्वितीय भाषा हिंदी **अधिकतम अंक/ Maximum Marks :** 80

---

## General Instructions:

*** सभी प्रश्न करना अनिवार्य है |**

*** प्रश्न-पत्र में खण्ड -क, ख, ग और घ हैं |**

*** सभी प्रश्नों के उत्तर यथासंभव क्रम से निर्देशानुसार दीजिए |**

*** सभी प्रश्नों के उत्तर देते समय दिए गए निर्देशों का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए |**

*** सभी प्रश्नों के उत्तर देते समय प्रश्न क्रमांक संख्या का ध्यान रखा जाए |**

---

## खण्ड -'क'

प्रश्न-1) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए | (7x1=7)

संघर्ष के मार्ग में अकेला ही चलना पड़ता है | कोई बाहरी शक्ति आपकी सहायता नहीं करती है | परिश्रम दृढ़ इच्छा शक्ति व लगन आदि मानवीय गुण व्यक्ति को संघर्ष और जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करते हैं | दो महत्त्वपूर्ण तथ्य स्मरणीय हैं -प्रत्येक समस्या अपने साथ संघर्ष लेकर आती है | प्रत्येक संघर्ष के गर्भ में विजय निहित रहती है | एक अध्यापक ने छोड़ने वाले अपने छात्रों को यह सन्देश दिया था - तुम्हें जीवन में सफल होने के लिए समस्याओं से संघर्ष करने का अभ्यास करना होगा | हम कोई भी कार्य करें , सर्वोच्च

शिखर पर पहुँचने का संकल्प लेकर चलें | सफलता हमें कभी निराश नहीं करेगी | समस्त ग्रंथो और महापुरुषों के अनुभवों का निष्कर्ष यह है कि संघर्ष से डरना अथवा उससे विमुख होना अहितकर है , मानव धर्म के प्रतिकूल है और अपने विकास को अनावश्यक रूप से बाधित करना है | आप जागिए , उठिए दृढ़ -संकल्प और उत्साह एवं साहस के साथ संघर्ष रूपी विजय रथ पर चढ़िए और अपने जीवन के विकास की बाधाओं रूपी शत्रुओं पर विजय प्राप्त कीजिए |

(1) मनुष्य को संघर्ष करने और जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करतें हैं -

(क) निर्भीकता , साहस , परिश्रम

(ख) परिश्रम , लगन , आत्मविश्वास

(ग) साहस , दृढ़ इच्छाशक्ति , परिश्रम

(घ) परिश्रम , दृढ़ इच्छाशक्ति व लगन

(2) प्रत्येक समस्या अपने साथ लेकर आती है -

(क) संघर्ष

(ख) कठिनाइयाँ

(ग) चुनौतियाँ

(घ) सुखद परिणाम

(3) समस्त ग्रंथों और अनुभवों का निष्कर्ष है -

(क) संघर्ष से डरना या विमुख होना अहितकर है |

(ख) मानव-धर्म के प्रतिकूल है

(ग) अपने विकास को बाधित करना है

(घ) उपर्युक्त सभी

(4) संघर्ष रूपी विजय रथ पर चढ़ने के लिए आवश्यक है -

(क) दृढ़ संकल्प , निडरता और धैर्य

(ख) दृढ़ संकल्प , उत्साह एवं साहस

(ग) दृढ़ संकल्प , आत्मविश्वास और साहस

(घ) दृढ़ संकल्प , उत्तम चरित्र एवं साहस

(5) 'मानवीय' शब्द में मूल शब्द और प्रत्यय है -

(क) मानवी + य

(ख) मानव + ईय

(ग) मानव + नीय

(घ) मानव + इय

(6) 'अनावश्यक' में मूल शब्द और उपसर्ग है -

(क) अन् + आवश्यक

(ख) अ + आवश्यक

(ग) अना + वश्यक

(घ) अति + आवश्यक

(7) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक होगा -

(क) मानव जीवन

(ख) निडरता और मानव जीवन

(ग) संघर्ष रूपी विजय रथ

(घ) मानव , समस्या और संघर्ष

प्रश्न -2) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के सही विकल्प चुनिए - (7x1 =7)

हम सब सुमन एक उपवन के !

रंग-रंग के रूप हमारे

अलग-अलग है क्यारी-क्यारी ,

लेकिन हम सबसे मिलकर ही

इस उपवन की शोभा सारी |

एक हमारा माली , हम सब

रहते नीचे एक गगन के

हम सब सुमन एक उपवन के !

एक हमारी धरती सबकी

जिसकी मिटटी से जन्मे हम ,

मिली एक ही धूप हमें है

सींचे गए एक जल से हम |

पलें हुए हैं झूल-झूल कर

पलनों में हम एक पवन के !

(1) इस काव्यांश के माध्यम से क्या सन्देश दिया गया है ?

(क) मानवता का

(ख) सहृदयता का

(ग) एकता का

(घ) वीरता का

(2) 'अलग-अलग है क्यारी-क्यारी' का क्या आशय है ?

(क) फूल अलग-अलग क्यारी में खिलते हैं |

(ख) फूलों की क्यारी अलग-अलग होती है |

(ग) हम एक ही देश में अलग-अलग स्थानों के रहने वाले हैं |

(घ) हम अलग-अलग देशों के निवासी हैं |

(3) यहाँ ‘सुमन’ किन्हें कहा गया है ?

(क) क्यारी में खिले फूलों को

(ख) देश के बच्चों को

(ग) उपवन की कलियों को

(घ) देश के विभिन्न नागरिकों को

(4) ‘हम सब एक हैं’ - यह किस कथन से ज्ञात होता है ?

(क) हमारा पालनकर्ता एक है

(ख) हमारी धरती एक है

(ग) एक ही हवा ने हमें पालने में झुलाया है

(घ) उपर्युक्त सभी

(5) व्योम , अम्बर , अनंत आदि निम्नलिखित में से किसके पर्यायवाची हैं ?

(क) सुमन के

(ख) उपवन के

(ग) गगन के

(घ) पवन के

(6) 'एक हमारा माली' - से क्या आशय है ?

(क) हमारा देश एक है

(ख) हम सब की देखभाल करने वाला भगवान एक ही है

(ग) हम सब लोगों के बगीचे की देखभाल एक ही माली करता है

(घ) हम सब के बगीचे एक हैं

(7) 'शोभा' शब्द का अर्थ क्या है ?

(क) असुंदर

(ख) सुन्दर

(ग) कुरूप

(घ) रूपवान

## खण्ड - 'ख'

प्रश्न-3) निर्देशानुसार निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तरों के सही विकल्प चुनिए - (16x1=16)

(1) <u>पंखोवाली</u> चिड़िया - यहाँ रेखांकित शब्द विशेषण का काम कर रहे है | इसी प्रकार 'मूँछोवाला आदमी' के आगे उपयुक्त विशेषण कौन-सा होगा ?

(क) बहुत

(ख) गहरी

(ग) घनी

(घ) चिकना

(2) 'मखमली घास ' में विशेषण शब्द है -

(क) मखमली

(ख) घास

(ग) मखमल

(घ) माली

(3) 'वह चिड़िया जो - दूध-भरे जुंडी के दाने रूचि से ---खा लेती है | वाक्य में 'रूचि से' खाने के ढंग की, क्रिया की विशेषता बता रहे हैं | इन्हें 'क्रिया-विशेषण' कहा जाता है | निम्नलिखित वाक्य में क्रियाविशेषण पहचानिए |

* सोनाली जल्दी-जल्दी मुँह में लड्डू ठूँसने लगी |

(क) सोनाली

(ख) जल्दी-जल्दी

(ग) लड्डू

(घ) ठूँसने

(4) 'मारना' क्रिया से 'मार' भाववाचक संज्ञा बनी है | इसी प्रकार 'सीखना' क्रिया की भाववाचक संज्ञा क्या होगी ?

(क) सीख

(ख) सीखो

(ग) सिखाई

(घ) सिखाओ

(5) 'मुझे <u>दो दर्जन</u> केले चाहिए | - विशेषण पहचानिए -

(क) सार्वनामिक विशेषण

(ख) गुणवाचक विशेषण

(ग) संख्यावाचक विशेषण

(घ) परिमाणवाचक विशेषण

(6) कपड़ों में <u>मेरी</u> दिलचस्पियाँ <u>मेरी</u> मौसी जानती थी | रेखांकित शब्द पहचानिए -

(क) सर्वनाम

(ख) सार्वनामिक विशेषण

(ग) संज्ञा

(घ) क्रिया

(7) '<u>मसालेदार</u> सब्जी' - रेखांकित शब्द पहचानिए |

(क) क्रिया विशेषण

(ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा

(ग) गुणवाचक विशेषण

(घ) सार्वनामिक विशेषण

(8) श्यामा ने <u>गिडगिड़ाकर</u> कहा | - रेखांकित शब्द पहचानिए |

(क) स्थानवाचक क्रियाविशेषण

(ख) रीतिवाचक क्रियाविशेषण

(ग) कालवाचक क्रियाविशेषण

(घ) सार्वनामिक विशेषण

(9) 'चाँदनी रात' में 'चाँदनी' निम्नलिखित में से क्या है -

(क) संज्ञा

(ख) विशेषण

(ग) जातिवाचक संज्ञा

(घ) इनमे से कोई नहीं

(10) 'कीमती' शब्द में प्रत्यय पहचानिए -

(क) ती

(ख) ई

(ग) कीमत

(घ) मती

(11) निम्नलिखित मुहावरे का सही अर्थ चुनिए -

* हाथ-पैर फूलना

(क) हाथ पैरों में दर्द होना

(ख) घबरा जाना

(ग) हाथ पैरों में सूजन आना

(घ) कुछ दिखाई न देना

(12) 'सुधा अपने आप सब काम करती है |' - इस वाक्य में निजवाचक सर्वनाम है -

(क) सुधा

(ख) अपने आप

(ख) सब

(घ) काम

(13) 'रूथ ने कपड़े अलमारी में रखे |' - यह वाक्य किस प्रकार का वाक्य है ?

(क) आदेशवाचक वाक्य

(ख) प्रश्नवाचक वाक्य

(ग) विधिवाचक वाक्य

(घ) निषेधवाचक वाक्य

(14) निम्नं में से गुणवाचक विशेषण है -

(क) थोडा

(ख) लाल

(ग) चार

(घ) हमारा

(15) 'कठोर' विशेषण के लिए उपयुक्त संज्ञा चुनिए -

(क) फूल

(ख) रूई

(ग) पत्थर

(घ) चादर

(16) 'अगुआ' का क्या अर्थ है ?

(क) आग लगाना

(ख) आगे रहने वाला

(ग) आगे बढ़ना

(घ) इनमे से कोई नहीं

## खण्ड -'ग'

प्रश्न-4) निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (3x2=6)

अब राजप्पा को कोई नहीं पूछता | आजकल सब-के-नागराजन को घेरे रहते | 'नागराजन घमंडी हो गया है' , राजप्पा सारे लड़कों में कहता फिरता | पर लड़के भला कहाँ उसकी बातों पर ध्यान देते ! नागराजन के मामाजी ने सिंगापुर से एक अलबम भिजवाया था | वह लड़कों को दिखाया करता | सुबह पहली घंटी बजने तक सभी लड़के नागराजन को घेरकर अलबम देखा करते |

(क) अब राजप्पा को कोई क्यों नहीं पूछता तथा वह नागराजन के बारे में सब से क्या कहता फिरता था ?

(ख) नागराजन के पास अलबम कहाँ से आया था ?

(ग) नागराजन अपना अलबम लड़कों को कब तक दिखाया करता था ?

प्रश्न -5) निम्नलिखित प्रश्नों में से **<u>किन्ही चार</u>** प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (4x2=8)

(क) लेखिका बचपन में इतवार की सुबह क्या-क्या काम करती थी ?

(ख) केशव और श्यामा ने चिड़िया के अंडो की रक्षा की या नादानी ?

(ग) माँ मोहन के ऐसे-ऐसे कहने पर क्यों घबरा रही थी ?

(घ) लेखक ने राजप्पा के टिकट इकटठा करने की तुलना मधुमक्खी से क्यों की है ?

(ङ) लेखिका को चश्मा क्यों लगाना पड़ा ? चश्मा लगाने पर उनके चचेरे भाई उन्हें क्या कहकर चिढ़ाते थे ?

प्रश्न-6) निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (3x2=6)

आप घटते हैं तो घटते ही चले जाते हैं ,

और बढ़ते है तो बस यानी कि

बढ़ते ही चले जाते हैं -

दम नहीं लेते हैं जब तक बि ल कु ल ही

गोल न हो जाएँ ,

बिलकुल गोल |

यह मरज़ आपका अच्छा ही नहीं होने में ....

आता है |

(क) चाँद घटता है तो कब तक घटता जाता है ?

(ख) चाँद बढ़ता है तो कब तक बढ़ता जाता है ?

(ग) लड़की चाँद के घटने-बढ़ने का क्या कारण सोचती है ?

प्रश्न-7) निम्नलिखित प्रश्नों में से **<u>किन्ही तीन</u>** प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (3x2=6)

(क) पाठ 'वह चिड़िया जो' के आधार पर बताइए कि चिड़िया को किन-किन चीजों से प्यार है?

(ख) 'सागर ने रस्ता छोड़ा , परबत ने सीस झुकाया' -'साथी हाथ बढ़ाना' पाठ के आधार पर बताइए कि साहिर ने ऐसा क्यों कहा है ?

(ग) गीत में सीने और बाहों को फ़ौलादी क्यों कहा गया है ? -'साथी हाथ बढ़ाना' पाठ के आधार पर बताइए |

(घ) चाँद से कौन गप्पे लड़ा रहा है तथा चाँद ने क्या पहन रखा है ?

प्रश्न-8) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (3x2=6)

(क) वन में विश्वामित्र ने राम-लक्ष्मण को कौन-सी विद्याएँ सिखाईं ?

(ख) मंथरा ने रानी कैकेयी को क्या सलाह दी ?

(ग) भरत ने ऐसा क्या अजीब स्वप्न देखा जो उनकी चिंता का कारण बना ?

(घ) कैकेयी ने राजा दशरथ से कौन-से दो वरदान माँगे ?

प्रश्न-9) निम्नलिखित में से **<u>किन्ही दो</u>** प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (4x2=8)

(क) क्या बिना किसी के सहयोग के आगे बढा जा सकता है ? - 'साथी हाथ बढ़ाना' कविता हमें क्या प्रेरणा देती है ?

(ख) स्कूल के काम से बचने के लिए मोहन ने पेट में 'ऐसे-ऐसे' होने के बहाना बनाया ,क्या मोहन को ऐसा करना चाहिए था | अगर मोहन बार-बार ऐसे ही पेट दर्द का बहाना बनाएगा तो उसके क्या दुष्परिणाम हो सकते हैं ? क्या तुम भी बार-बार इसी प्रकार बहाने बनाते हो?

(ग) राजप्पा ने नागराजन का अलबम चुराया और फिर पकड़े जाने के डर से उसे जला दिया, क्या उसने सही किया ? कारण सहित बताओ |

## खण्ड -'घ'

प्रश्न-10) निम्नलिखित में से **किसी एक** विषय पर पत्र लेखन कीजिए | (5)

(क) अपने मित्र को जन्मदिन के अवसर पर बधाई पत्र लिखो |

(ख) अवकाश हेतु प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए |

प्रश्न-11) निम्नलिखित में से किसी **एक विषय** पर 100 से 150 शब्दों में अनुच्छेद लिखो |

(5)

(क) वर्षा ऋतु

(ख) स्वतंत्रता दिवस